# रायगढ़ एवं पुसौर विकासखण्ड में 7.16 करोड़ रूपए से अधिक के विभिन्न कार्यों का वित्त मंत्री ने किया लोकार्पण एवं भूमिपूजन

- एक-एक गांव को विकास की ओर आगे बढ़ाने के विजन के साथ कार्य कर रहा राज्य शासन-वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी
- महतारी सदन से महिलाओं को सामाजिक-आर्थिक गतिविधियों के लिए मिलेगा सुविधाजनक स्थान
- केलो एवं सपनई डेम के माध्यम से किसानों के खेतों तक पहुंचेगा पानी
- 6.9 करोड़ रुपये की लागत से पुसौर के नवापाली से टिनमिनी के मध्य बोरो नाला पर बनेगा उच्च स्तरीय सेतु





रायगढ़

वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी आज रायगढ़ एवं पुसौर विकासखंड के विभिन्न गांवों में जनसंपर्क के लिए पहुंचे। उन्होंने रायगढ़ ब्लॉक के कोयलंगा, भुईयापाली एवं महापल्ली तथा पुसौर ब्लॉक के टिनमनी गांव का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने 7 करोड़ 16 लाख रुपये से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन करने के साथ ही नए कार्यों की घोषणा भी की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा महिलाओं के सामाजिक, आर्थिक गतिविधियों के लिए महतारी सदन का निर्माण किया जा रहा है। इसी के परिणाम स्वरूप आज ग्राम-महापल्ली में 29 लाख रूपये की लागत से स्वीकृत महतारी सदन निर्माण के लिए भूमिपूजन हो रहा है। साथ ही उन्होंने कहा कि आगामी एक वर्ष पश्चात इसका लोकार्पण भी होगा। इसी प्रकार रायगढ़ में 1 करोड़ रूपये की लागत से दीदी सदन का निर्माण कराया जाएगा, जो दीदियों के लिए समर्पित होगा।

वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि इस अंचल को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर कार्य किए जा रहे है, सड़कों का काम तेजी से पूरा हो रहा है। इसी सोच के साथ एक-एक गांव के विकास को आगे बढ़ायेंगे। उन्होंने कहा कि सपनई डायवर्सन के काम को भी आगे बढ़ाने का कार्य किया जा रहा है, टेंडर प्रक्रिया चल रही है, जिससे सपनई डेम का पानी भी किसानों के खेतों में पहुंचेगा। साथ ही कोयलंगा डायवर्सन का काम भी किया जा रहा है। आवागमन सुविधा को ध्यान में रखते हुए कोयलंगा से आगे जाने के लिए 2 करोड़ 89 लाख रुपये की लागत से पुल का निर्माण कराया जा रहा है।

वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि हमारी सरकार गांव, गरीब, किसानों के हित में लगातार काम कर रही है। महतारी वंदन योजना से महिलाएं आर्थिक रूप से मजबूत हो रही हैं। उन्हें प्रतिमाह एक-एक हजार रूपये राशि उनके खाते में भेजी जा रही है। जिससे महिलाएं न केवल आर्थिक रूप से सशक्त हो रही हैं, बल्कि अपने घर-परिवार में भी निर्णय लेने में बराबरी का हक महसूस कर रही हैं।

किसानों को आर्थिक मजबूती प्रदान करने के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार बनते ही कृषक उन्नति योजना के माध्यम से दो साल का बोनस दिया गया। इसी तरह कृषकों से जो वादा किया गया था उस वादे को पूरा करते हुए कृषकों से 3100 रुपए की दर से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान समर्थन मूल्य पर उनके मेहनत के हर एक दाने को क्रय किया जा रहा है। जिससे किसानों में अपनी उपज विक्रय करने के लिए उत्साह और आत्मविश्वास बढ़ा है। पीएम आवास योजना से गरीबों के पक्के मकान का सपना पूरा हो रहा है। केवल महापल्ली ग्राम में ही लगभग 15 करोड़ की लागत से 112 आवास स्वीकृत हुए है। रामलला दर्शन योजना के माध्यम से बुजुर्गो को अयोध्या धाम ले जाकर प्रभु रामलला का दर्शन कराया जा रहा है। रायगढ़ में प्रदेश का सबसे बड़ा नालंदा परिसर बनने जा रहा है। जिसका बीते दिनों मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इसका भूमिपूजन किया। यह नालंदा परिसर ज्ञान आधारित समाज निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा। जिससे आने वाली पीढ़ी को इसका लाभ मिलेगा।

इस अवसर पर मुकेश जैन, सुरेश गोयल, विलीस गुप्ता, पंकज कंकरवाल, विकास केडिया, प्रवीण द्विवेदी, सुकलाल चौहान, त्रिनाथ गुप्ता एवं समस्त सरपंच सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

**पुसौर के टिनमिनी में बनेगा उच्च स्तरीय सेतु, लोगों को मिलेगी आवागमन में सुविधा**

वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने आज पुसौर विकासखण्ड के टिनमिनी से नवापाली मार्ग के मध्य बोरो नाला पर 6 करोड़ 9 लाख रुपये की लागत से बनने वाले उच्च स्तरीय सेतु का भूमिपूजन किया। इस पुल के बन जाने से रायगढ़ जिले के ग्राम-टिनमिनी, नवापाली, पडिग़ांव, ठाकुरपाली, मचिदा, कलमी, केसपाली, परसपाली, टपरदा, उमरिया तथा सारंगढ़-बिलाईगढ़ के लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी।

**इन कार्यों का हुआ लोकार्पण एवं भूमिपूजन**

वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने 7 करोड़ 16 लाख रुपये से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। जिनमें रायगढ़ जिले के पुसौर विकासखण्ड अंतर्गत 6 करोड़ 9 लाख रुपये की लागत से टिनमिनी से नवापाली मार्ग के मध्य बोरो नाला पर उच्च स्तरीय सेतु एवं पहुंच मार्ग निर्माण कार्य शामिल है। इसी तरह रायगढ़ विकासखण्ड के ग्राम-महापल्ली में 29 लाख 20 हजार रुपये की लागत से महतारी सदन एवं 6 लाख 50 हजार रुपये की लागत से यात्री प्रतीक्षालय शामिल है। ग्राम पंचायत कोयलंगा में 5 लाख रुपये की लागत से शेड निर्माण एवं 2 लाख 50 हजार रुपये की लागत से सीसी रोड, ग्राम पंचायत बेहरापाली में 44 लाख 56 हजार रूपये की लागत से 05 सीसी रोड एवं 5 लाख रुपये की लागत से सामुदायिक भवन तथा 15 लाख रुपये की लागत से मंगल भवन कार्य शामिल है। इसी तरह कोयलंगा एवं बेहरापाली में दो मोबाइल टॉवर का भूमिपूजन कार्य शामिल है।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### सड़क हादसे में दो लोगों की मौत

**रायपुर (आरएनएस)।** अभनपुर रायपुर मार्ग पर भीषण सडक़ हादसा हुआ हैं। इस हादसे में दो लोगों की मौके पर मौत हो गई। यह मामला अभनपुर थाना क्षेत्र का बताया जा रहा हैं। दरअसल बाइक सवार को अज्ञात वाहन ने कुचल दिया। यह हादसा देर रात गुरु कृपा ढाबा के पास हुआ। पुलिस मौके पर पहुंच कर जांच में जुटी हैं। वही अभी तक मृतकों की शिनाख्त नहीं हो पाई है।

### वरिष्ठ आईएएस सुबोध सिंह की होगी छत्तीसगढ़ वापसी

**रायपुर (आरएनएस)।** वरिष्ठ आईएएस और 1997 बैच के अधिकारी सुबोध सिंह की प्रदेश वापसी होगी. वे अगले महीने छत्तीसगढ़ लौटेंगे. केंद्रीय लोक कार्मिक विभाग यानी डीओपीटी ने उनकी वापसी के लिए अनापत्ति दे दी है.आईएएस सुबोध सिंह को वापस भेजने राज्य सरकार ने आग्रह पत्र भेजा था. पांच साल पहले सिंह केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर गए थे, जहां वे' राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी में पदस्थ रहे. वर्तमान में केंद्रीय इस्पात मंत्रालय में पदस्थ हैं. उनके लौटने से राज्य प्रशासन को प्रमुख सचिव स्तर का एक और अधिकारी मिल जाएगा. बता दें कि केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से रिचा शर्मा, सोनमणि बोरा, रोहित यादव, अमित कटारिया आदि लौट आए हैं. इनमें से कटारिया को जिम्मेदारी देने पर मंथन चल रहा है.

### तेज रफ्तार बाइक हाईवे पर पलटी, दो गंभीर

**कोरबा (आरएनएस)।** नेशनल हाईवे पर पाली से कटघोरा के बीच एक तेज रफ्तार बाइक के अनियंत्रित होकर पलट जाने से उस पर सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए है। इन्हें एंबुलेंस के माध्यम से सीएचसी पाली में भर्ती कराया गया जहां से गंभीर स्थिति को देखते हुए बिलासपुर रिफर कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार शिवनंदन टेकाम पिता किताब सिंह टेकाम, निवासी ग्राम ढुकुपथरा और बृजलाल निवासी कपोट पल्सर बाइक क्रमांक सीजी-12 बीओ-5519 पर सवार होकर ग्राम कपोट जा रहे थे कि ग्राम चटुवाभौना के निकट अनियंत्रित होकर सडक़ पर पलट गई और काफी दूर तक घिसटने के बाद रुकी। हादसे में दोनों ही सवारों को सिर, हाथ, पैर में गंभीर चोटे आई है।इसकी सूचना हाईवे इमरजेंसी सेवा को दी गई।एंबुलेंस के माध्यम से पाली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने त्वरित चिकित्सा मुहैया कराई लेकिन गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बिलासपुर रेफर कर दिया गया है।

## वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी ने हरी झंडी दिखाकर एम्बुलेंस को किया रवाना

- जरुरतमंद मरीजों को मिलेगा एम्बुलेंस का लाभ, स्वास्थ्य सेवाओं में हो रहा विस्तार



रायगढ़

वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी ने आज विधायक कार्यालय रायगढ़ से विधायक निधि से खरीदी हुई दो एम्बुलेंस को आज हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि जिले के काफी सारे जनकल्याणकारी कार्य किए जा रहे है, लेकिन विधायक निधि से एम्बुलेंस देकर आत्मिक संतुष्टि मिल रही है। इससे स्वास्थ्य विभाग के साथ ही जरूरतमंद मरीजों को इसका लाभ मिल पाएगा और स्वास्थ्य सुविधा के क्षेत्र में विस्तार होगा।

उल्लेखनीय है कि एसयूवी टाईप एम्बुलेंस से छोटे गलियों में पहुंचने में सुविधा होने के साथ ही मरीजों को स्थानांतरित करने एवं त्वरित इलाज मिलने में आसानी होगी। इस अवसर पर गुरूपाल भल्ला, मुकेश जैन, विवेक रंजन सिन्हा, नेता प्रतिपक्ष नगर निगम पूनम सोलंकी, सुभाष पाण्डेय, पंकज कंकरवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## उद्योगों के रॉ-मटेरियल गेट एवं मुख्य परिवहन मार्ग में दोनों तरफ डस्ट सफाई कार्य प्रारंभ

- फ्युजिटिव डस्ट नियंत्रण पर प्रभावी व्यवस्था हेतु डस्ट सफाई के साथ किया जा रहा जल छिड़काव
- जिले के औद्योगिक क्षेत्रों में डस्ट नियंत्रण हेतु छ.ग.पर्यावरण संरक्षण मंडल के निर्देश





रायगढ़

छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल के सदस्य सचिव गत दिवस अपने एक दिवसीय रायगढ़ प्रवास के दौरान जिले के औद्योगिक क्षेत्रों का निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान उन्होंने उद्योगों के रॉ-मटेरियल गेट एवं मुख्य परिवहन मार्ग के दोनों तरफ डस्ट जमाव से परिवहन के दौरान फ्युजिटिव उत्सर्जन होने पर प्रभावी नियंत्रण हेतु उद्योगों के रॉ-मटेरियल गेट एवं मुख्य परिवहन मार्ग के दोनों तरफ 250-250 मीटर की सफाई कराते हुये नियमित जल छिड़काव किये जाने के निर्देश दिये थे।

क्षेत्रीय कार्यालय, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल रायगढ़ द्वारा निर्देश के परिपेक्ष्य में मेसर्स अदानी पॉवर लिमिटेड, ग्राम-छोटे भण्डार एवं मेसर्स जिंदल स्टील एण्ड पॉवर लिमिटेड ग्राम-पतरापाली, रायगढ़ से रॉ-मटेरियल गेट एवं मुख्य परिवहन मार्ग में दोनों तरफ 250-250 मीटर क्षेत्र में डस्ट सफाई कार्य प्रारंभ कराया गया है। साथ ही जिंदल स्टील एण्ड पॉवर लिमिटेड प्रबंधन को ढिमरापुर चौक एवं लगे हुये सड़कों पर भी डस्ट सफाई कार्य किये जाने के लिये निर्देशित किया गया है। रॉ-मटेरियल गेट एवं मुख्य परिवहन मार्ग में फ्युजिटिव डस्ट नियंत्रण पर प्रभावी व्यवस्था हेतु डस्ट सफाई एवं जल छिड़काव व्यवस्था को नियमित रूप से करने के लिये रायगढ़ जिले में स्थित सभी प्रमुख उद्योगों को निर्देशित किया गया है।

## चोरी की संपत्ति खरीदने वाले 'लड्डू कबाड़ी' को चक्रधरनगर पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा रिमांड पर

रायगढ़



चक्रधरनगर पुलिस ने चोरी की संपत्ति खरीदने वाले आरोपी 'लड्डू कबाड़ी' हुसैन खान (37), निवासी गोरखा, थाना कोतरारोड को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। इस मामले में चोरी के मुख्य आरोपियों सहित कुल चार लोगों को हिरासत में लिया गया है।

जानकारी के अनुसार बोईरदादर स्थित स्वराज रेफ्रिजरेशन एंड एयर कंडीशन दुकान पर दो बार सेंधमारी करने वाले आरोपियों दुर्गेश देवांगन उर्फ़ पिंटू (28) और चंदन राय (23), निवासी आईटीआई कॉलोनी अंबेडकर आवास को पहले ही गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा जा चुका है। इन दोनों ने 2-3 अक्टूबर और 27-28 नवंबर की रात को दुकान के पीछे के शटर का ताला तोड़कर करीब रु.1.5 लाख के स्पेयर पार्ट्स और रु.17,000 नगद की चोरी की थी।

गिरफ्तार आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि 2 अक्टूबर को चोरी के बाद उन्होंने चोरी का सामान बोरी में भरकर स्कूटी (CG 13 AP 1780) से इंदिरा नगर के कबाड़ी आशिक रब्बानी को बेचा। इसके बदले उन्हें रु.6,000 मिले, जबकि बाकी रकम बाद में लेने की बात कही गई। इसके बाद 27-28 नवंबर की रात, दोनों ने फिर से शटर का ताला तोड़कर एसी के कॉपर पाइप चुराए और उन्हें कार (CG 11 AV 5314) से भूपदेवपुर स्थित 'लड्डू कबाड़ी' को रु.30,000 में बेच दिया।

पुलिस ने दोनों कबाड़ियों के ठिकानों पर छापेमारी करते हुए चोरी का सामान, जिसमें स्पेयर पार्ट्स, कॉपर पाइप, चोरी में प्रयुक्त स्कूटी और कार शामिल हैं, जब्त कर लिया। इनकी कुल कीमत लगभग रु.5 लाख आंकी गई है। पुलिस ने इस मामले में चोरी की संपत्ति खरीदने वाले कबाड़ी- 1.आशिक रब्बानी (42), निवासी इंदिरा नगर, थाना सिटी कोतवाली 2.शेख मुश्ताक अहमद (24), निवासी अजाक बस्ती, जमशेदपुर, झारखंड को पहले ही रिमांड पर भेजा गया है। मुख्य आरोपी 'लड्डू सिंह' हुसैन खान उर्फ लड्डू कबाड़ी (37), निवासी गोरखा, थाना कोतरारोड अपराध क्रमांक 543/24 धारा331(4),305(A) 3(5) 112(2),317(2)BNS में फरार था, जिसे कल गिरफ्तार किया गया और न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

## एनडीपीएस कार्यवाही : घरघोड़ा पुलिस ने 250 ग्राम गांजे के साथ एक आरोपी को किया गिरफ्तार

रायगढ़



थाना प्रभारी घरघोड़ा निरीक्षक रामकिंकर यादव के नेतृत्व में पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी पर प्रभावी कार्रवाई करते हुए 250 ग्राम गांजे के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

दिनांक 17 दिसंबर 2024 की शाम को थाना प्रभारी को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम झरियापाली निवासी करीम खान लैलूंगा की ओर से गांजा लेकर घरघोड़ा में सप्लाई करने आ रहा है। सूचना पर वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराकर थाना प्रभारी ने अपनी टीम के साथ लैलूंगा रोड पर नाकेबंदी की।


पुलिस टीम ने संदिग्ध करीम खान को लैलूंगा रोड पर पैदल चलते हुए ग्राहक तलाश करते हुए पकड़ा। पूछताछ में उसने गांजे की बिक्री की पुष्टि की। गवाहों की उपस्थिति में आरोपी की तलाशी ली गई, जिसमें उसके पास से एक प्लास्टिक की थैली में 250 ग्राम मादक पदार्थ गांजा बरामद हुआ। जब्त गांजे की कीमत लगभग 2,500 रुपये है।

आरोपी की पहचान करीम खान (59 वर्ष), पिता स्व. आषिक खान, निवासी ग्राम झरियापाली, थाना घरघोड़ा, जिला रायगढ़ के रूप में हुई है। उसके खिलाफ थाना घरघोड़ा एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 (बी) के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई की गई है।

इस कार्रवाई में निरीक्षक रामकिंकर यादव, एएसआई विल्फ्रेड मसीह, आरक्षक हरीश पटेल, प्रहलाद भगत और आशिक पन्ना की सक्रिय भूमिका रही। पुलिस ने इस कार्रवाई से मादक पदार्थों की तस्करी पर अंकुश लगाने की अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत किया है।

## साय सरकार का बड़ा राहत भरा फ़ैसला : रजिस्ट्री में जमीन पर पेड़ का नहीं होगा मूल्यांकन, नहीं लगाने पड़ेंगे चक्कर

रायपुर । आरएनएस



छत्तीसगढ़ में साय सरकार ने जिन जमीनों पर पेड़ हैं, उसकी रजिस्ट्री में होने वाली परेशानी से बचाने के लिए नया आदेश जारी किया है। इससे अब रजिस्ट्री में जमीन पर पेड़ का मूल्यांकन नहीं होगा।

वहीं रजिस्ट्री की फीस के साथ पटवारी के पास चक्कर लगाने से लोगों को मुक्ति मिल जाएगी।


उल्लेखनीय है कि, अब तक जमीन पर लगे पेड़ का जिक्र भी रजिस्ट्री के दौरान देना होता था। इसमें सागौन, सरई जैसे मूल्यवान लकडिय़ों के वृक्षों के लिए जो रेट निर्धारित था। वह जमीन के गाइडलाइन रेट में जुड़ जाती थी। इससे रजिस्ट्री शुल्क में वृद्धि तो होती ही थी। लेकिन उससे ज्यादा परेशानी पटवारियों के पास बिना वृक्ष की भूमि के प्रमाण पत्र बनाने में होती थी। पटवारी इस छोटी सी बात के लिए लोग चक्कर लगाते रहते थे।

**500 रुपये में होगी संपत्ति की रजिस्ट्री**

वहीं सरकार ने भूमि स्वामियों और सम्पत्ति मालिकों के लिए राहत भरा फ़ैसला किया। सरकार द्वारा जारी राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना के अनुसार पारिवारिक सदस्यों के आपस में हक त्याग पर मात्र 500 रुपये देकर सम्पत्ति की रजिस्ट्री हो जायेगी। वहीं परिवार से बाहर किसी व्यक्ति के हित में सम्पत्ति का हक़ त्यागने पर गाइडलाइन के अनुसार 4 प्रतिशत की राशि देय होगी। पहले पारिवारिक बंटवारे की ज़मीन की रजिस्ट्री पर गाइडलाइन रेट पर 1.5 प्रतिशत की राशि देय होती थी। नई व्यवस्था में 25000 रुपये देकर घर जाकर रजिस्ट्री का प्रावधान किया गया है ये प्रावधान पहले केवल मेडिकल ग्राउण्ड पर ही संभव था।

## खरीदी केंद्रों से धान उठाव के लिए दो दिनों में मिलर्स ने कटवाया 23 हजार मीट्रिक टन से अधिक का डीओ, 4207 मीट्रिक टन धान भी उठाया

- उपार्जन केंद्रों से अब तक 10 हजार 375 मे. टन धान का हुआ उठाव
- किसानों को 252 करोड़ का हुआ भुगतान



रायगढ़

रायगढ़ जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 अंतर्गत धान खरीदी के पश्चात अब धान उठाव में तेजी आने लगी है। जिला प्रशासन द्वारा मिलर्स से शीघ्रता से धान का उठाव करवाया जा रहा है। बीते दो दिनों में ही मिलरों द्वारा करीब 23 हजार मीट्रिक टन से अधिक का डीओ धान उठाव के लिए कटवाया गया है। वहीं इन दो दिनों में 4207 मीट्रिक टन धान का उठाव भी मिलर्स द्वारा खरीदी केंद्रों कर लिया गया है।

डीएमओ शैलो नेताम से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक मिलर्स द्वारा 28 हजार 472 मे. टन का डीओ कटवाया गया है जिसमें से 6179 मे. टन धान का उठाव कर लिया गया है। वहीं 10 हजार 681 मे.टन का टीओ जारी किया गया है। जिसमें से 4195 मे.टन का उठाव समितियों से कर लिया गया है। इस प्रकार कुल 10375 मे.टन धान का उठाव समितियों से हो चुका है। रायगढ़ जिले में 85 हजार 122 किसान धान विक्रय हेतु पंजीकृत हैं। 105 धान उपार्जन केंद्रों में अब तक 1 लाख 24 हजार 522 मे.टन धान की खरीदी उपार्जन केंद्रों में की जा चुकी है।

जिले में धान खरीदी सुचारू रूप से चालू है। धान खरीदी हेतु किसानों की सुविधा के लिए जिला प्रशासन द्वारा समितियों में समुचित व्यवस्था के साथ ही ऑनलाइन टोकन जारी करने, बारदाने की व्यवस्था, इलेक्ट्रॉनिक मशीन से तौल जैसे इंतेजाम किए गए हैं। उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी के पश्चात किसानों को तत्काल भुगतान भी जारी किया जा रहा है।

**किसानों को 252 करोड़ का भुगतान-** धान खरीदी के पश्चात किसानों को उसका भुगतान भी तत्काल किया जा रहा है। अब तक हुई खरीदी के एवज में किसानों को 252 करोड़ 43 लाख का भुगतान किया जा चुका है। जो कि अब तक हुई कुल खरीदी का 89 प्रतिशत है। शेष भुगतान के लिए जानकारी सॉफ्टवेयर में अपडेट कर बैंक को भेज दी गई है। जो जल्द जारी हो जाएगी।


स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480